INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

**संख्या 16/1/2022- प्रशासन-II** **दिनांक 06.05.2022**

सेवा में ,

निदेशक / प्रभारी निदेशक
परिषद के सभी संस्थान/केन्द्र

**विषय :-** Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under the National Disaster Response Fund (NDRF) and the State Disaster Response Fund (SDRF) based on the recommendations of Fifteen Finance commission (XV-FC) for the financial year 2021-22 to 2025-26.

महोदय/महोदया,

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन प्रभाग), तीसरी मंजिल, बी-विंग, एनडीसीसी-द्वितीय भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली, से प्राप्त पत्र संख्या-33-02/2020-NDM.I, दिनांक 22.04.2022 को सूचना एवं आवश्यक कारवाई हेतु अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

भवदीय,

(जगदीश राजेश)
सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

अनुलंग्नक : यथोक्त

प्रतिलिपि:-

1 महानिदेशक /अपर महानिदेशक/वरि. उपमहानिदेशक (प्रशा.)/ वरि. वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2 उपमहानिदेशक (प्रशा.)
3 सहा. महानिदेशक (प्रशा.)/ सहा. महानिदेशक (वित्त.)
4 डॉ.एल.के शर्मा ,वैज्ञानिक –ई: वैबसाइट पर अपलोड करने के लिए ईमेल आईडी **(sharma.lk@icmr.gov.in)** पर मेल कर दिया गया है।

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India
Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

**No. 16/1/2022-Admn** **Dated: 06/05/2022**

To,

The Director/ Directors-in-Charge of
all ICMR Institutes/ Centers

**Subject:-** **Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under the National Disaster Response Fund (NDRF) and the State Disaster Response Fund (SDRF) based on the recommendations of Fifteen Finance commission (XV-FC) for the financial year 2021-22 to 2025-26.**

Sir/Madam,

I am directed to refer a copy of letter No. 33-02/2020-NDM.I, dated 22.04.2022 received from Ministry of Home Affairs(Disaster Management Division),3rd Floor, B-Wing, NDCC-II Building, Jai Singh Road, New Delhi on the subject mentioned above for information and necessary action.

Yours faithfully

(Jagdish Rajesh)
Assistant Director General(Admn)

Encl: As above

Copy to:-

(1) PS to DG/Addl.DG/ Sr. DDG(A)/ Sr. FA
(2) DDG(A)
(3) ADG(A)/ADG(F)
(4) Dr.L.K. Sharma, Scientist "E" – soft copy of the same has been mailed at your email ID (Sharma.lk@icmr.gov.in) for website upload.

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत

V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India

Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in

**Email** **Secretary DHR**

**Fwd: [Secy-goi] For broadcasting to Secretaries of All Central Ministries /Departments of Government of India. Sub:- Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under National Disaster Response Fund (NDRF) and State Disaster Response Fund (SDRF) based on the recommendations of XV Finance Commission for the financial year 2021-22 to 2025-26.**

---

**From :** Prof. Balram Bhargava <balram.bhargava@gov.in> Mon, Apr 25, 2022 04:23 PM

**Subject :** Fwd: [Secy-goi] For broadcasting to Secretaries of All Central Ministries /Departments of Government of India. Sub:- Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under National Disaster Response Fund (NDRF) and State Disaster Response Fund (SDRF) based on the recommendations of XV Finance Commission for the financial year 2021-22 to 2025-26.

2 attachments

**To :** balrambhargava@yahoo.com, geetan <geetan@nic.in>, Anu Nagar <anu.nagar1@gov.in>, Sr DDG Admin <srddga.hq@icmr.gov.in>

**Cc :** Secretary DHR <dg@icmr.org.in>

D.G. ICMR OFFICE
Diary No.: 622444
Date: 27/4/22

JS(AN) / JS(AN)
Sr DDG(A)
Adm-II
Ms. Madhu
JS

---

**From:** "NERC (DM Divsion) MHA" <dresponse-nerc@gov.in>
**To:** "secy-goi" <secy-goi@lsmgr.nic.in>
**Cc:** "Shyam M Manohar" <sm.manohar@nic.in>, "Mohammad Zaheen" <mohdzaheen@nic.in>
**Sent:** Monday, April 25, 2022 3:29:42 PM
**Subject:** [Secy-goi] For broadcasting to Secretaries of All Central Ministries /Departments of Government of India. Sub:- Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under National Disaster Response Fund (NDRF) and State Disaster Response Fund (SDRF) based on the recommendations of XV Finance Commission for the financial year 2021-22 to 2025-26.

Sir,

Please find attachment No. 33-02/2020-NDM-I dated 25th April,2022 for **broadcasting to All Ministries/ Departments of Government of India.**

Regards,
National Emergency Response Center (NERC),
Disaster Management Division,

D No.184 Admn
6/5/2022

Ministry of Home Affairs
Government of India
New Delhi-110001
Tele-011-23438252/53
Fax-011-23438254

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
"Cleanliness is next to Godliness"

Azadi Ka Amrit Mahotsav

---

Secy-goi mailing list -- secy-goi@lsmgr.nic.in
To unsubscribe send an email to secy-goi-leave@lsmgr.nic.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

---

**English Guideline dated 22.04.2022.PDF**
2 MB

**Hindi Guideline.PDF**
2 MB

---

No. 33-02/2020-NDM.I
Government of India
Ministry of Home Affairs
(Disaster Management Division)
******

3rd Floor, B-Wing, NDCC-II Building,
Jai Singh Road, New Delhi-110001
Dated the 22nd April, 2022

To

1. The Chief Secretaries of all States
2. The Relief Commissioners/Secretaries, Department of Disaster Management of all States.

Sub: **Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under the National Disaster Response Fund (NDRF) and the State Disaster Response Fund (SDRF) based on the recommendations of Fifteenth Finance Commission (XV-FC) for the financial year 2021-22 to 2025-26.**

Madam/Sir,

I am directed to refer to this Ministry's letter No. 33-05/2020-NDM.I dated 19.11.2020 vide which the Guidelines on constitution and administration of 'Preparedness and Capacity Building Funding Window' with the NDRF at National level and SDRF at State level, were issued, based on the recommendations of XV-FC for the year 2020-21.

2. XV-FC in its final report, has, *inter-alia* made provisions of fund of Rs. 6,846 Crore and Rs. 16,015 Crore for the funding window of 'Preparedness and Capacity Building' under NDRF and SDRF respectively, for its award period for the financial years 2021-22 to 2025-26. Therefore, keeping in view the provisions of the Disaster Management Act, 2005 and the recommendations of XV-FC in its final report, Government of India has revised its earlier Guidelines dated 19.11.2020 which will be operative for the award period i.e. 2021-22 to 2025-26.

3. A copy of the revised Guidelines for constitution and administration of 'Preparedness and Capacity Building Funding Window' under NDRF & SDRF is enclosed for necessary action at your end. The guidelines can also be downloaded from the website of Disaster Management Division of Ministry of Home Affairs i.e. www.ndmindia.mha.gov.in

4. A copy of this communication is also being sent to the Accountants Generals of the States for information.

Yours faithfully,

Encls: As above

22.4.22
(Pawan Kumar)
Deputy Secretary to the Government of India

Copy for information to:

1. All Ministries/Departments of Government of India.
2. Member Secretary, National Disaster Management Authority, NDMA Bhawan, Safdarjung Enclave, New Delhi.
3. DG, NDRF, 6th Floor, NDCC-II Building, Jai Singh Road, New Delhi.
4. Executive Director, National Institute of Disaster Management, 4th Floor, NDCC-II Building, Jai Singh Road, New Delhi.
5. DG (FS, CD&HG), East Block-VII, Level - VII, RK Puram, New Delhi.
6. Accountants General of all States
7. Controller General of all Accounts (CGA), New Delhi.
8. Comptroller & Auditor General (CAG), New Delhi.

Ministry of Home Affairs

Disaster Management Division

## Guidelines on Constitution and Administration of Preparedness and Capacity Building Funding Window under National Disaster Response Fund (NDRF) and State Disaster Response Fund (SDRF):

### Introduction:

1. The Fifteenth Finance Commission (XV-FC) while recommending Disaster Management Grants has inter-alia allocated 10% of the State Disaster Risk Management Fund (SDRMF) and the National Disaster Risk Management Fund (NDRMF) for Preparedness & Capacity Building (P&CB) Sub-window to support the critical institutional, functional and technological components of the disaster management system. XV-FC has further recommended that a separate set of guidelines be developed for Preparedness & Capacity Building (P&CB) funding window.

2. Therefore, in pursuance to the recommendations of XV-FC, following guidelines are hereunder issued under Sections 46(2), 48(1)(a) and Section 62 of the Disaster Management Act, 2005 for the operationalisation of the P&CB grants under the State Disaster Response Fund (SDRF) and the National Disaster Response Fund (NDRF). These guidelines will be operative for the award period starting from the financial year 2021-22 to 2025-26.

### Preparedness and Capacity Building Measures:

3. The Disaster Management (DM) Act, 2005 empowers the National, State and District Disaster Management Authorities to take measures for the prevention of disasters, or the mitigation, or preparedness and capacity building for dealing with the threatening disaster situation or disasters.

4. As per Section 2 (m) of the Disaster Management (DM) Act, 2005, preparedness is the "state of readiness to deal with a threatening disaster situation or disaster and the effects thereof."

5. Further, as per Section 2 (b) of the DM Act, 2005, Capacity Building includes-

- Identification of existing resources and resources to be acquired or created;
- Acquiring or creating resources identified under above sub-clause;
- Organization and training of personnel and coordination of such training for effective management of disasters.

**Resource Allocation and Earmarking of funds from NDRF / SDRF**

6. Under NDRF:- As recommended by the XV-FC, the aggregate size of the P&CB funding window for the award period commencing from 2021-22 to 2025-26 would be Rs. 6,846 crore. Out of this amount, Rs. 5000 crore is earmarked for 'Expansion and Modernization of Fire Services'. Year-wise allocation from P&CB funding window is as under:-

| Year-wise allocation | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | Total for the award period 2021-22 to 2025-26 (Rs. in crore) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Amount (Rs. in crore) | 1,239 | 1,301 | 1,366 | 1,434 | 1,506 | 6,846 |

7. Under SDRF:- The aggregate size of the P&CB funding window commencing from 2021-22 to 2025-26 would be Rs. 16,014 crore as recommended by the XV-FC. Year-wise allocation from P&CB funding window is as under:

| Year-wise allocation | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | Total for the award period 2021-22 to 2025-26 (Rs. in crore) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Amount | 2,898 | 3,043 | 3,196 | 3,355 | 3,523 | 16,015 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (Rs. in crore) | | | | | | [10% of year-wise allocation of both Union and State share of SDRMF taken together] |

8. NDRF would receive 80 per cent of the total NDRMF. Within the NDRF, there would be three sub-allocations (i) Response and Relief (40 per cent), (ii) Recovery and Reconstruction (30 per cent) and (iii) Preparedness and Capacity Building (10 per cent). While the funding windows of NDRF and NDMF are not inter-changeable, there could be flexibility for re-allocation within the three sub-windows of NDRF for that financial year subject to the condition that earmarked allocation shall not exceed 10 per cent of the amount earmarked for the sub-window.

9. The SDRF would receive 80 per cent of total SDRMF. Within the SDRF there would be three sub-allocations (i) Response and Relief (40 per cent), (ii) Recovery and Reconstruction (30 per cent) and Preparedness and Capacity Building (10 per cent). While the funding windows of SDRF and SDMF are not inter-changeable, there could be flexibility for re-allocation within the three sub-windows of SDRF for that financial year.

10. The funds for earmarked allocations for 'Expansion and Modernization of Fire Services' will be provided to the State Governments in the next five years (2021-2026). There shall be no spill-over for the liabilities committed for any of the projects sanctioned against earmarked allocation beyond the award period (2021-2026) of the XV-FC.

## Scope of Preparedness and Capacity Building Funding Window under NDRF / SDRF

11.1 As recommended by XV-FC:-

- At Central level, this funding window is made available within the NDRF which will largely be used to support national agencies. However, State Government may also seek assistance, if the State Government concerned, has insufficient fund available under P&CB window of SDRF.

- At State level, P&CB funding window is meant to support preparedness and capacity building of State Disaster Management Authorities (SDMAs), State Institutes of Disaster Management (SIDM), training and capacity-building activities, and emergency response facilities. State Governments would not use these resources for personnel support.

11.2 In the light of the recommendations made by XV-FC and the provisions contained in the DM Act, 2005, the P&CB funding window shall support and provide funds to the following type of projects from NDRF / SDRF:-

(i) NDRF:-

Category - A

Projects / Proposals of the following types to be implemented by the Central Ministries / National Agencies / Institutes / Entities: -

(a) Projects aimed at preparedness for hazards which are to be implemented in an area, which cuts across more than one State,
(b) Projects aimed at setting up / strengthening national level "Early Warning Systems" or promote disaster awareness through intervention of updated technologies or otherwise including strengthening of "Emergency Operations Centres" and preparedness and response mechanisms across the States,
(c) Projects aimed at preparedness and capacity building including hazard specific training of front-line disaster mitigation / response forces, frontline workers and Government functionaries at various levels in the disaster management.

Category B

Under this category, projects / proposal of the following type shall be considered for funding from P&CB funding window of NDRF:-

(a) Projects of the State Government(s) related to hazard preparedness, disaster awareness, early warning systems, emergency operations centres, training and capacity building. However, the projects for funding from P&CB funding window of NDRF will be considered only if the State Government concerned has

exhausted the funds available under P&CB window of SDRF or the proposed project cost is more than the available balance in the P&CB window of SDRF,

(b) Projects for 'Expansion and Modernization of Fire Services' including setting up of new fire stations / upgradation of existing fire stations and procurement of fire-fighting and rescue vehicles and equipment.

(ii) SDRF:

(a) Projects aimed at preparedness for a specific-hazard which is to be implemented within a State,

(b) Projects aimed at promoting disaster awareness in the disaster-prone areas of the State through intervention of updated technologies or otherwise preparedness and response mechanisms within the State,

(c) Projects aimed for preparedness and capacity building including hazard-specific training of front-line disaster mitigation / response forces / local body members / selected volunteers.

11.3 There shall be no State share in the Projects / Proposals covered under Category A above. For all Projects / Proposals under Category B above for which assistance is sought by any State Government from P&CB funding window, as recommended in XV-FC, the concerned State Government shall contribute 10 per cent in case of projects upto Rs. 250 Crore, 20 per cent in case of projects above Rs. 250 Crore and upto Rs. 500 Crore and 25 per cent in case of projects exceeding Rs. 500 Crore. However, for the projects / proposals under the earmarked allocation of 'Expansion and Modernization of Fire Services' through the P & CB Funding Window, State Governments shall contribute 10 per cent of the total cost of such projects / proposals.

**12. Exclusions for utilization of P&CB funding window of NDRF / SDRF**

(i) Resources under P&CB funding window cannot be used towards establishment expenditure such as salaries, office expenditure, etc. to be incurred by the Disaster Management Authorities or other entities except for payment of remuneration to technical staff included in the project costs. Such payments will be as per the General Financial Rules, 2017 and the extant Government of India guidelines,

(ii) Resources under P&CB funding window shall not be used for outsourcing the routine and regular activities of the national agencies / State Governments to any consultancy firm including any international agency,

(iii) P&CB funding window shall not be used to support construction-based projects and procurement of large / heavy equipment, except setting up of new fire stations / upgradation of existing fire stations and procurement of fire-fighting and rescue vehicles and equipment as envisaged under Category (B) (b) of para 6.2 (i) above. Further, this funding window shall also not be used for maintenance and upkeep of any structure or engineering measure aimed at mitigation,

(iv) P&CB funding window shall not be used as a source of funding for existing government programmes / ongoing schemes etc. which are under implementation,

(v) P&CB funding window must have a predominant focus on multi-hazard preparedness and capacity development and should not be used for general environmental improvement, plantations, afforestation or landscape beautification without a clear, logical and direct linkage to hazards.

(vi) All preparedness and capacity building activities would need to be undertaken and completed within the time-frame as specified in the approved proposal. Cost and time-frame for such proposals should ideally not be revised barring, some exceptional circumstances.

## 13. Technical Guidelines

Projects to be undertaken from NDRF / SDRF must have verifiable and measurable outcomes. NDMA will advise implementing authorities in the projects launched / being implemented under the preparedness and capacity building window including prescribing specific format for seeking information / project proposals etc. In addition, for the guidance of Implementing Partners / State Governments etc. for the wide range of activities within the broad framework of preparedness and capacity building, NDMA will also issue technical guidelines separately, with the concurrence of MHA. Further, detailed procedures for project execution will continue to be issued by NDMA from time to time in consultation with MHA.

## 14. Implementing Partners

Following agencies / entities may act as Implementing Partners for Preparedness and Capacity Building funding window:

**For NDRF:**

i) National Disaster Management Authority (NDMA) and National Institute of Disaster Management (NIDM).

ii) First Responder Organizations within the Central Government such as National Disaster Response Force.

iii) Ministries / Departments /National Agencies within the Central Government for preparedness & capacity building activities and execution of projects in the States.

iv) Central Research and Academic institutions in Disaster Management through the National Agencies including NDMA, NIDM and NDRF.

v) Government supported Organizations e.g. Bharat Scouts & Guides, National Cadet Corps (NCC), National Social Service (NSS) and National Yuva Kendra Sangathan (NYKS) through National Agencies including NDMA, NIDM and NDRF.

**For SDRF:**

i) State Disaster Management Authorities (SDMAs).

ii) District Disaster Management Authorities (DDMAs).

iii) First Responder Organizations within the State Governments such as State Disaster Response Force, Fire Services and Civil Defence.

iv) Ministries / Departments /Institutions within the State Government for preparedness & capacity building activities.

v) State Research and Academic institutions in Disaster Management through State Agencies like SDMA and SIDM.

vi) State Government supported Organizations e.g. Bharat Scouts & Guides, NCC, NSS & NYKS through State Agencies like SDMA and SIDM.

vii) Urban Local Governments/ Zilla Parishad / Gram Panchayats.

## Administrative Mechanism for processing of funding proposals

Under NDRF:-

15. NDMA will constitute an Appraisal Committee headed by a member of NDMA with representatives from the line-Departments, State Government concerned and subject matter experts (if required) for appraisal of proposals received from national agencies/entities, Central Ministries and State Governments.

16. Projects/proposals submitted by the State Government for funding under P&CB funding window of NDRF should be approved by the State Executive Committee (SEC).

17. State Government(s), Central Ministries, and National Agencies/Entities shall submit the projects for which central assistance from the P&CB funding window of NDRF is sought to Ministry of Home Affairs. MHA will forward the same to the Appraisal Committee constituted under the Chairmanship of Member, NDMA for appraisal/evaluation of the proposed project.

18. The Appraisal Committee will make its recommendations to the MHA for placing the same before the Sub-Committee of the National Executive Committee (SC-NEC) for consideration. SC-NEC will have the power to approve proposals up to Rs. 100 Crore.

19. Proposals above Rs. 100 Crores will be placed before High Level Committee (HLC) along with the recommendations of SC-NEC. The HLC will approve the proposals for undertaking Preparedness and Capacity Building activities.

**Under SDRF:-**

20. SDMA will constitute a committee to be headed by a member of SDMA with members from line Departments of the State Government and State agencies/entities for appraisal/evaluation of the proposals / projects under P&CB funding window of SDRF/NDRF.

21. The Departments of the State Government and the agencies/institutes who wish to take up projects from P&CB funding window of SDRF will submit the projects to the State Government Department dealing with Disaster Management which in turn

will refer the project to the committee headed by a member of SDMA as mentioned above.

22. The recommendations of the committee shall be placed before the SEC for consideration and the procedure in place for incurring expenditure from SDRF shall continue to apply mutatis-mutandis for P&CB funding window of SDRF/NDRF including all modalities.

23. SEC constituted by the State Government under the provisions of the DM Act, 2005, shall decide on all matters connected with the administration of P&CB funding window of SDRF.

## Release of funds

24. Upon the approval of SC-NEC / HLC, Department of Expenditure, Ministry of Finance will release assistance from P&CB funding window of NDRF to the concerned State Governments based on the recommendations of the MHA.

25. For the projects covered under Category 'A', of NDRF; upon the approval of SC-NEC / HLC; and based on the recommendations of MHA, Department of Expenditure, Ministry of Finance will issue a Letter of Authorization (LOA) to the MHA or National Agencies (NDMA/NIDM/NDRF), as the case may be, so as to enable them to provide funds to the implementing agencies of approved projects.

26. Upon sanctioned by SEC, funds will be released to the States from P&CB Funding window under SDRF. Procedure as in vogue in the State for the release of funds under SDRF shall apply for preparedness and capacity building funding window.

## Supervision of Projects

27. NDMA / SDMAs need to identify specific disasters and evaluate preparedness for the same, prepare plans for the deficiencies observed either in preparedness or capacity building/training so that disasters can be responded effectively. Such plans need to specify measures required to be taken to strengthen the capability / capacity of first responders to hazard specific disasters.

28. NDMA shall supervise and monitor the implementation of the preparedness and capacity building projects and in this process can seek progress / performance reports from the Implementing Partners. NDMA shall submit progress report to MHA and Department of Expenditure. In case of any shortfall in the progress of the preparedness and capacity building project, NDMA may take special measures, if required, for smooth and timely implementation of the project.

29. SDMA shall assist and provide technical advice to the State Government /Line Ministries / Departments from conceptualization to completion of the preparedness and capacity building proposals under SDRF.

30. SDMA shall supervise and monitor the Preparedness and capacity building projects/works and submit completion certificate as well as actual benefits achieved from it including population benefitted/ nature of risks reduced/impact analysis etc. to State Government and NDMA.

## Disbursements

31. After the project is approved, the funds would be disbursed in the installments as specified in the proposal. The disbursement of funds would be linked to the deliverables and Utilization Certificates. The unspent balance in the preparedness and capacity building funding window under SDRF account as at the end of a financial year 2021-22 shall be the opening balance of said account of the successive financial year. The Central Government will communicate the modalities for handling any balances available at the end of 2025-26 in P&CB funding window under SDRF of the State.

## Procurement

32. All the procurements made by government agencies for implementing the proposal would be in accordance with the General Financial Rules (GFR) and from GeM portal, as applicable. The implementing agencies would ensure that the project is implemented in a fair and transparent manner. In the entire implementation process, the DMAs need to ensure that there is no conflict of interest. Appropriate GFR will be followed by States and Government supported Organizations.

## Project Database

33. A disaster database should be developed to help assess the impact of expenditures on different aspects of disaster management. All the project-related processes would be digitized. NDMA will maintain a national portal of all the preparedness and capacity-building projects that have been implemented through the NDRF / SDRF. This portal will contain a specific component for capacity building plans. NDMA will also monitor the database by holding periodic review.

## Release, Accounting and other procedures

34. The detailed funding pattern, release of funds, investment of funds, accounting & auditing procedures, progress monitoring, savings and cost of maintenance / implementation etc. in respect of the projects initiated under P&CB Funding Window would be same, as envisaged in the primary guidelines issued by MHA on NDRF / SDRF for such purposes. The composition of HLC and SC-NEC will also be same as envisaged in the primary guidelines issued by MHA for NDRF / SDRF.

## Interpretation and Amendment

35. In case of any difficulty in interpretation of any of these guidelines, the matter shall be referred to the Disaster Management Division, MHA whose decision in consultation with Department of Expenditure shall be final. Any amendment in this guideline will be issued by MHA in consultation with Department of Expenditure, Ministry of Finance.

**********

गृह मंत्रालय
आपदा प्रबंधन प्रभाग

**राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि तथा राज्य आपदा मोचन निधि के तहत तैयारी एवं क्षमता निर्माण फंडिंग विंडो के गठन एवं प्रशासन संबंधी दिशानिर्देश:**

**प्रस्तावना:**

1. 15वें वित्त आयोग ने आपदा प्रबंधन अनुदानों की सिफारिश करते समय अन्य बातों के साथ-साथ राज्य आपदा जोखिम प्रबंधन निधि तथा राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन निधि की 10 प्रतिशत राशि तैयारी एवं क्षमता निर्माण सब-विंडो के लिए आबंटित की थी ताकि आपदा प्रबंधन प्रणाली के महत्वपूर्ण संस्थागत, कार्यात्मक एवं प्रौद्योगिकी घटकों के लिए सहायता प्रदान की जा सके। 15वें वित्त आयोग ने तैयारी एवं क्षमता निर्माण फंडिंग विंडो के लिए अलग से दिशानिर्देश तैयार किए जाने की भी सिफारिश की है।

2. अतः, 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में राज्य आपदा मोचन निधि तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत पी एंड सी बी अनुदानों के प्रचालन हेतु आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 46(2), 48(1)(क) और धारा 62 के तहत निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। ये दिशानिर्देश वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवार्ड अवधि के लिए लागू होंगे।

**तैयारी एवं क्षमता निर्माण संबंधी उपाय:**

3. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को खतरनाक आपदा की स्थिति अथवा आपदाओं से निपटने के लिए आपदाओं के निवारण अथवा प्रशमन यथा तैयारी एवं क्षमता निर्माण हेतु किए जाने वाले उपायों की शक्ति प्रदान करता है।

4. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 2(ड) के अनुसार तैयारी से तात्पर्य "खतरनाक आपदा की स्थिति अथवा आपदा एवं इसके प्रभावों से निपटने के लिए की गई तैयारी की स्थिति" से है।

5. इसके अलावा, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 2(ख) के अनुसार क्षमता निर्माण में शामिल हैं-

- मौजूदा संसाधनों एवं प्राप्त किए जाने वाले संसाधनों अथवा सृजित किए जाने वाले संसाधनों की पहचान करना;
- उपर्युक्त उप-खंड के तहत अभिज्ञात संसाधनों से प्राप्त करना अन्यथा सृजित करना;
- आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन हेतु कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन तथा ऐसे प्रशिक्षणों का समन्वय।

**एनडीआरएफ/एसडीआरएफ से संसाधनों का आबंटन एवं निधियां विनिर्दिष्ट करना**

6. एनडीआरएफ के तहत:- 15वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 से प्रारंभ होने वाली अवॉर्ड अवधि के लिए पी एंड सी बी फंडिंग विंडो हेतु कुल वित्तपोषण 6846 करोड़ रु. का होगा। इस राशि में से 5000 करोड़ रु. की राशि 'अग्निशमन सेवाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण' हेतु विनिर्दिष्ट की गई हैं। पी एंड सीबी फंडिंग विंडो से किया गया वर्ष-वार आबंटन निम्नानुसार है:-

| वर्ष-वार आबंटन | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक की अवॉर्ड अवधि के लिए कुल (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राशि (करोड़ रु. में) | 1,239 | 1,301 | 1,366 | 1,434 | 1,506 | 6,846 |

7. एसडीआरएफ के तहत:- 15वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 से प्रारंभ होने वाली अवॉर्ड अवधि के लिए पी एंड सी बी फंडिंग विंडो हेतु कुल वित्तपोषण 16,014 करोड़ रु. का होगा। पी एंड सी बी फंडिंग विंडो से किया गया वर्ष-वार आबंटन निम्नानुसार है:-

| वर्ष-वार आबंटन | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक की अवॉर्ड अवधि के लिए कुल (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राशि (करोड़ रु. में) | 2,898 | 3,043 | 3,196 | 3,355 | 3,523 | 16,015 [एसडीआरएमएफ के केन्द्रीय एवं राज्य हिस्से के वर्ष-वार आबंटन की 10 प्रतिशत राशि] |

8. एनडीआरएफ को कुल एनडीआरएमएफ की 80 प्रतिशत राशि प्राप्त होगी। एनडीआरएफ के भीतर तीन (03) उप-आबंटन होंगे (i) कार्रवाई एवं राहत (40 प्रतिशत), (ii) रिकवरी एवं पुनर्निर्माण (30 प्रतिशत) तथा (iii) तैयारी एवं क्षमता निर्माण (10 प्रतिशत)। यद्यपि, एनडीआरएफ एवं एनडीएमएफ की फंडिंग विंडो अंतर-परिवर्तनीय नहीं है किंतु एनडीआरएफ की तीन सब-विंडो में उस वित्त वर्ष के दौरान

पुन: आबंटन की छूट इस शर्त के अध्यधीन प्रदान की जा सकती है कि विनिर्दिष्ट आबंटन उस सब-विंडो हेतु विनिर्दिष्ट राशि के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

9. एसडीआरएफ को कुल एसडीआरएमएफ की 80 प्रतिशत राशि प्राप्त होगी। एसडीआरएफ के भीतर तीन (03) उप-आबंटन होंगे (i) कार्रवाई एवं राहत (40 प्रतिशत), (ii) रिकवरी एवं पुनर्निर्माण (30 प्रतिशत) तथा (iii) तैयारी एवं क्षमता निर्माण (10 प्रतिशत)। यद्यपि एसडीआरएफ एवं एसडीएमएफ की फंडिंग विंडो अंतर-परिवर्तनीय नहीं है किंतु एसडीआरएफ की तीन सब-विंडो में उस वित्त वर्ष के दौरान पुन: आबंटन की छूट प्रदान की जा सकती है।

10. 'अग्निशमन सेवाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण' हेतु विनिर्दिष्ट आबंटन के लिए राज्य सरकारों को आगामी पांच वर्ष (2021-2026) के दौरान निधियां मुहैया करवाई जाएंगी। 15वें वित्त आयोग की अवॉर्ड अवधि (2021-2026) के उपरांत अनुमोदित किसी भी परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध देयताओं हेतु विनिर्दिष्ट आबंटन के अलावा पिछली बकाया राशि का उपयोग नहीं किया जाएगा।

**एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के तहत तैयारी एवं क्षमता निर्माण फंडिंग विंडो का दायरा**

11.1 15वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार:-

➢ केन्द्रीय स्तर पर यह फंडिंग विंडो एनडीआरएफ के तहत ही उपलब्ध करवाई गई है जिसका उपयोग अधिकांशत: राष्ट्रीय एजेंसियों को सहायता प्रदान करने के लिए किया जाएगा। तथापि, यदि संबंधित राज्य सरकार के पास एसडीआरएफ की पीएंड सीबी विंडो के तहत पर्याप्त निधियां उपलब्ध नहीं हैं तो राज्य सरकार भी सहायता प्राप्त कर सकती है।

➢ राज्य स्तर पर, पी एंड सी बी फंडिंग विंडो राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों (एसडीएमए), राज्य आपदा प्रबंधन संस्थानों (एसआईडीएम), प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण गतिविधियों और आपातकालीन कार्रवाई सुविधाओं की तैयारी में सहायता प्रदान करने के लिए है। राज्य सरकारें इन संसाधनों का उपयोग कार्मिकों संबंधी सहायता के लिए नहीं करेंगी।

11.2 15वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों और आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में निहित प्रावधानों के आलोक में, पी एंड सीबी फंडिंग विंडो एनडीआरएफ/एसडीआरएफ से निम्नलिखित प्रकार की परियोजनाओं हेतु सहायता एवं निधियां प्रदान करेगी:-

(i) एनडीआरएफ:-

श्रेणी-क

केंद्रीय मंत्रालयों/राष्ट्रीय एजेंसियों/संस्थानों/ईकाइयों द्वारा लागू की जाने वाली निम्नलिखित प्रकार की परियोजनाएं/प्रस्ताव :-

(क) एक से अधिक राज्यों को प्रभावित करने वाली आपदाओं वाले क्षेत्रों में जोखिमों से निपटने संबंधी तैयारी के लिए लागू की जाने वाली परियोजनाएं,

(ख) ऐसी परियोजनाएं, जिनका उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर "पूर्व चेतावनी प्रणाली" स्थापित करना/उसे मजबूत करना या अद्यतन प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करके आपदा संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना या "आपातकालीन संचालन केंद्रों" को मजबूत करना और राज्यों में तैयारी और कार्रवाई तंत्र की स्थापना करना है,

(ग) ऐसी परियोजनाएं, जिनका उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर फ्रंटलाइन आपदा प्रशमन/कार्रवाई बलों, फ्रंटलाइन वर्करों तथा सरकारी कार्यकर्ताओं को जोखिम विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने सहित तैयारी एवं क्षमता निर्माण करना है।

श्रेणी-ख

इस श्रेणी के तहत, एनडीआरएफ की पी एंड सी बी फंडिंग विंडो से निम्नलिखित प्रकार की परियोजनाओं/प्रस्तावों का वित्तपोषण किए जाने पर विचार किया जाएगा: -

(क) राज्य सरकार(रों) की जोखिम संबंधित तैयारी, आपदा जागरुकता, पूर्व चेतावनी सूचना प्रणाली, आपात परिचालन केंद्र, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण संबंधी परियोजनाएं। तथापि, एनडीआरएफ की पीएंडसीबी फंडिंग विंडो से वित्त पोषित होने वाली परियोजनाओं पर केवल तब ही विचार किया जाएगा जब संबंधित राज्य सरकार ने पीएंडसीबी विंडो के तहत उपलब्ध निधियों को खर्च कर दिया हो अथवा प्रस्तावित परियोजना लागत एसडीआरएफ की पीएंडसीबी में विंडो उपलब्ध शेष से अधिक हो।

(ख) नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना करने/मौजूदा अग्निशमन केंद्रों का उनयन करने और अग्निशमन और बचाव वाहनों और उपकरणों की खरीद करने सहित "अग्निशमन सेवाओं का विस्तार और उनके आधुनिकीकरण" हेतु परियोजनाएं।

(ii) एसडीआरएफ:

(क) किसी विशेष-जोखिम के संबंध में तैयारी के प्रयोजन हेतु परियोजनाएं, जिन्हें किसी राज्य के भीतर कार्यान्वित किया जाना है।

(ख) अद्यतन प्रौधोगिकियों के हस्तक्षेप अथवा राज्य के भीतर अन्य प्रकार की तैयारी और अनुक्रिया तंत्र के माध्यम से राज्य के आपदा-प्रवण क्षेत्रों में आपदा जागरुकता को बढ़ाने के प्रयोजन हेतु योजनाएं।

(ग) फ्रंट लाइन आपदा न्यूनीकरण/अनुक्रिया बलों/स्थानीय निकाय सदस्यों/चयनित स्वयंसेवकों के जोखिम-विशिष्ट प्रशिक्षण सहित तैयारी और क्षमता निर्माण के प्रयोजन हेतु परियोजनाएं।

11.3 उपर्यक्त श्रेणी 'क' के अंतर्गत कवर की गई परियोजनाओं/प्रस्तावों में राज्य का कोई भी शेयर नहीं होगा। उपर्युक्त श्रेणी 'ख' के अंतर्गत कवर की गई सभी परियोजनाओं/प्रस्तावों, जिनके लिए किसी भी राज्य सरकार द्वारा पीएंडसीबी फंडिंग विंडो से सहायता मांगी गई है, के लिए, 15वें वित्त आयोग में सिफारिश किये गए के अनुसार, यदि परियोजनाएं 250 करोड़ रुपये तक की हैं तो संबंधित राज्य सरकार 10% का अंशदान देगी, यदि परियोजनाएं 250 करोड़ रुपये से अधिक और 500 करोड़ रुपये तक की हैं तो 20% का अंशदान देगी और यदि परियोजनाएं 500 करोड़ रुपये से अधिक की हैं तो 25% का अंशदान देगी। तथापि, पीएंडसीबी फंडिंग विंडो के माध्यम से "अग्निशमन सेवाओं का विस्तार उनका आधुनिकीकरण" के लिए अलग से रखे गए आवंटन के तहत आने वाली परियोजनाओं/प्रस्तावों के लिए राज्य सरकारें ऐसी परियोनाओं की कुल लागत का 10% का अंशदान देंगी।

**12. एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की पीएंडसीबी फंडिंग विंडो के उपयोग के लिए अपवर्जन**

(i) पीएंडसीबी फंडिंग विंडो के अंतर्गत आने वाले संसाधनों को परियोजना लागतों में शामिल तकनीकी स्टाफ के पारिश्रमिक के भुगतान को छोड़कर आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों अथवा अन्य निकायों द्वारा किये जाने वाले संस्थापन व्यय जैसे वेतन, कार्यालय व्यय आदि के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा। ऐसे भुगतान सामान्य वित्तीय नियमावली, 2017 और भारत सरकार के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार होंगे।

(ii) पीएंडसीबी फंडिंग विंडो के अंतर्गत आने वाले संसाधनों का उपयोग किसी भी अंतर्राष्ट्रीय एंजेसी सहित किसी भी परामर्शदाता फर्म को राष्ट्रीय एजेंसियों/राज्य सरकार की नेमी और नियमित गतिविधियों की आउटसोर्सिंग के लिए नहीं किया जाएगा।

(iii) पीएंडसीबी फंडिंग विंडो का उपयोग उपर्युक्त पैरा 6.2 (i) की श्रेणी (B) (b) के अंतर्गत यथा परिकल्पित के अनुसार, नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना/मौजूदा अग्निशमन केंद्रों के उनयन और अग्निशमन तथा बचाव वाहनों और उपकरणों की खरीद को छोड़कर निर्माण-आधारित परियोजनाओं और बड़े/भारी उपकरणों की खरीद के लिए नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, इस फंडिंग विंडो का उपयोग न्यूनीकरण के उद्देश्य हेतु बनाई गई किसी भी संरचना अथवा इंजीनियरिंग उपाय का रखरखाव और अनुरक्षण के लिए भी नहीं किया जाएगा।

(iv) पीएंडसीबी फंडिंग विंडो का उपयोग, कार्यान्वित किए जा रहे किन्ही भी मौजूदा सरकारी कार्यक्रमों/जारी स्कीमों आदि के लिए वित्त पोषण स्रोत के रुप में नहीं किया जाएगा।

(v) पीएंडसीबी फंडिंग विंडो का फोकस मुख्य रुप से बहु-जोखिम तैयारी और सक्षमता विकास पर होना चाहिए और इसका उपयोग ऐसे किसी भी सामान्य वातावरण सुधार, वृक्षारोपण, वनीकरण अथवा सौंदर्यीकरण के लिए नहीं किया जाएगा, जिसका जोखिमों से कोई स्पष्ट, तार्किक और प्रत्यक्ष संबंध ना हो।

(vi) तैयारी और क्षमता निर्माण संबंधी सभी गतिविधियों को अनुमोदित प्रस्ताव में उल्लिखित समय सीमा के भीतर आरंभ किया जाना और पूरा किया जाना आवश्यक है। कुछ अपवादात्मक परिस्थितयों को छोड़कर, आदर्श स्थिति में ऐसे प्रस्तावों की लागत और समयावधि को संशोधित नहीं किया जाना चाहिए।

13. तकनीकी दिशानिर्देश

एनडीआरएफ/एसडीआरएफ से ली जाने वाली परियोजनाओं के सत्यापित किए जाने योग्य और मापनीय परिणाम होने चाहिए। एनडीएमए सूचना मांगने/परियोजना प्रस्तावों आदि के लिए विशेष प्रारुप का निर्धारण करने सहित तैयारी और क्षमता निर्माण विंडो के अंतर्गत आरंभ/कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं में कार्यान्वयनकर्ता प्राधिकरणों को सलाह देगा। इसके अलावा, तैयारी और क्षमता निर्माण के व्यापक फ्रेम वर्क के भीतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संबंध में कार्यान्वयनकर्ता साझेदार/राज्य सरकारों आदि के मार्गदर्शन के लिए, एनडीएमए गृह मंत्रालय की सहमति से अलग से तकनीकी दिशानिर्देश भी जारी करेगा। इसके अलावा, एनडीएमए द्वारा गृह मंत्रालय के परामर्श से समय-समय पर परियोजना निष्पादन के संबंध में विस्तृत प्रक्रियाएं जारी की जाती रहेंगी।

14. कार्यान्वयन भागीदारः-

निम्नलिखित एजेंसियां/संस्थाएं तैयारी और क्षमता निर्माण फंडिंग विंडो हेतु कार्यान्वयन भागीदार के रूप में कार्य कर सकती हैं।

**एनडीआरएफ हेतुः-**

(i) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा (एनडीएमए)राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम)
(ii) केंद्र सरकार में प्रथम प्रतिक्रियादाता संस्थान जैसे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल।
(iii) राज्यों में परियोजनाओं की तैयारी तथा क्षमता निर्माण गतिविधियों तथा परियोजनाओं के निष्पादन हेतु केंद्र सरकार में मंत्रालय राष्ट्री /विभाग /य एजेंसियाँ।
(iv) एनडीएमएएनआईडीएम तथा एनडीआरएफ सहित राष्ट्रीय एजेंसियों के माध्यम से आपदा प्रबंधन , में केंद्र ीय अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थान।
(v) एनडीएमएएनआईडीएम तथा एनडीआरएफ सहित राष्ट्रीय एजेंसियों के माध्यम से सरकार द्वारा , सहयोग प्राप्त संस्थान अर्थात् भारत स्काउट्स एण्ड गाइड(एनसीसी) नेशनल केडेट कॉप्स ,, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा तथा राष्ट्री (एनएसएस)य युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस)।

**एसडीआरएफ हेतुः-**

(i) राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमएएस)
(ii) जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमएएस)
(iii) राज्य सरकारों में प्रथम प्रतिक्रियादाता संस्थान अर्थात् राज्य आपदा मोचन बलअ ,ग्निशमन सेवा तथा नागरिक सुरक्षा।
(iv) तैयारी तथा क्षमता निर्माण गतिविधियों हेतु राज्य सरकार में मंत्रालयसंस्थान शामिल हैं। /विभाग /

(v) एसडीएमए तथा एसआईडीएम जैसी राज्य एजेंसियों के माध्यम से आपदा प्रबंधन में राज्य अनुसंधान तथा शैक्षणिक संस्थान शामिल।

(vi) एसडीएमए तथा एसआईडीएम जैसी राज्य एजेंसियों के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा सहयोग प्राप्त संस्थान अर्थात् भारत स्कॉट्स एण्ड गाइड्सएनसीसी तथा एनवाईकेएस ,एनसीसी ,।

(vii) शहरी स्थानीय सरकारग्राम पंचायत। /जिला परिषद /

**वित्त पोषण प्रस्ताव की प्रक्रिया के लिए प्रशासनिक तंत्र**

**एनडीआरएफ के अंतर्गतः-**

15. एनडीएमए, राष्ट्रीय एजेंसियों /निकायों, केंद्र मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन हेतु एनडीएमए के सदस्य की अध्यक्षता में संबंधित विभागों, संबंधित राज्य सरकार के प्रतिनिधियों तथा विषय विशेषज्ञों (यदि अपेक्षित हों), के साथ एक मूल्यांकन समिति गठित करेंगी।

16. एनडीआरएफ के पी एंड सी बी फंडिंग विंडो के तहत फंडिंग हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं /प्रस्ताव को राज्य कार्यकारी समिति (एसइसी) द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।

17. राज्य सरकारें, केंद्रीय मंत्रालय तथा राष्ट्रीय एजेंसियां /निकाय उन परियोजनाओं को गृह मंत्रालय को प्रस्तुत करेंगे जिनके लिए एनडीआरएफ के पी एंड सी बी फंडिंग विंडो, गृह मंत्रालय से केंद्रीय सहायता मांगी गई है। गृह मंत्रालय उसे प्रस्तावित परियोजना के मूल्यांकन हेतु एनडीएमए, सदस्य की अध्यक्षता के अंतर्गत गठित मूल्यांकन समिति को अग्रेषित करेगी।

18. मूल्यांकन समिति अपनी सिफारिशों को गृह मंत्रालय को पेश करेगी और उसे राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एससी-एनईसी) की उपसमिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगी। एससीएनइसी के पास 100 करोड़ रुपये तक के प्रस्ताव को मंजूर करने की शक्ति है।

19. 100 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को एससी-एनइसी के सिफारिशों की साथ-साथ उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। एचएलसी तैयारी तथा क्षमता निर्माण गतिविधियों को आरंभ करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान करेगी।

**एसडीआरएफ के अंतर्गतः-**

20. एसडीएमए, एसडीआरएफ/ एनडीआरएफ के पी एंड सी बी के फंडिंग विंडो के तहत प्रस्तावों /परियोजनाओं के मूल्यांकन हेतु राज्य सरकार तथा राज्य एजेंसियों /निकायों के अंतर्गत विभागों के सदस्यों सहित एसडीएमए के एक सदस्य की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करेगी।

21. राज्य सरकार के विभागों तथा एजेंसियों /संस्थानों जो एसडीआरएफ के पी एंड सी बी फंडिंग विंडो से परियोजनाओं को शुरू करना चाहते हैं, वे परियोजनाओं को आपदा प्रबंधन से निपटने वाले राज्य सरकार के विभाग को प्रस्तुत करेंगे, जो बदले में परियोजना को यथाउल्लिखित एसडीएमए के सदस्य की अध्यक्षता वाली समिति को प्रस्तुत करेगी।

22. समिति की अनुसंशाएं विचारण हेतु एसईसी के समक्ष रखी जाएंगी और एसडीआरएफ से खर्च करने के लिए लागू प्रक्रिया सभी तौर-तरीकों सहित एसडीआरएफ/एनडीआरएफ की पी एंड सीबी फंडिंग विंडो के लिए आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगी।

23. राज्य सरकार द्वारा डीएम अधिनियम, 2005 के उपबंधों के अधीन गठित एसईसी, एसडीआरएफ के पी एंड सीबी फंडिंग विंडो के प्रशासन से जुड़े सभी मामलों पर निर्णय करेगी।

**फंड जारी करना**

24. एससी-एनईसी/एचएलसी के अनुमोदन के पश्चात, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय की अनुसंशाओं के आधार पर संबंधित राज्य सरकारों को एनडीआरएफ की पी एंड सीबी फंडिंग विंडो से सहायता जारी करेगा।

25. एनडीआरएफ की श्रेणी 'ए' के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं के लिए; एससी-एनईसी/एचएलसी का अनुमोदन होने पर, और गृह मंत्रालय की अनुसंशाओं के आधार पर, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय गृह मंत्रालय या राष्ट्रीय एजेंसियों (एनडीएमए/एनआईडीएम/एनडीआरएफ), जैसा भी मामला हो, को प्राधिकार पत्र (एलओए) जारी करेगा, ताकि वे अनुमोदित परियोजनाओं की कार्यान्वयन एजेंसियों को धन उपलब्ध करा सकें।

26. एसईसी द्वारा संस्वीकृत होने पर, एसडीआरएफ के अधीन पी एंड सीबी फंडिंग विंडो से राज्यों को निधि जारी की जाएगी। एसडीआरएफ के तहत निधि जारी करने के लिए राज्य में प्रचलित प्रक्रिया तैयारी और क्षमता निर्माण फंडिंग विंडो के लिए लागू होगी।

**परियोजनाओं का पर्यवेक्षण**

27. एनडीएमए/एसडीएमए को विशिष्ट आपदाओं की पहचान करने और उसके लिए तैयारियों का मूल्यांकन करने, तैयारियों या क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण में पाई गई कमियों के लिए योजना तैयार करने, ताकि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। ऐसी योजनाओं में जोखिम विशिष्ट आपदाओं के लिए प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं की क्षमता/कौशल सुदृढ़ करने के लिए अपेक्षित उपाय विनिर्दिष्ट होने चाहिए।

28. एनडीएमए तैयारी और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण और निगरानी करेगा और इसके लिए वह कार्यान्वयन भागीदारों से प्रगति/निष्पादन रिपोर्ट मांग सकता है। एनडीएमए गृह मंत्रालय और व्यय विभाग को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। तैयारी और क्षमता निर्माण परियोजना की प्रगति में किसी भी कमी की स्थिति में, एनडीएमए परियोजना के सुचारू और समयोचित कार्यान्वयन के लिए यथाआवश्यक विशेष उपाय कर सकता है।

29. एसडीएमए राज्य सरकार/लाइन मंत्रालयों/विभागों को एसडीआरएफ के तहत तैयारियों और क्षमता निर्माण प्रस्तावों की अवधारणा से लेकर उन्हें पूरा करने तक के लिए तकनीकी सलाह देगा।

30. एसडीएमए तैयारी और क्षमता निर्माण परियोजनाओं/कार्यों का पर्यवेक्षण और निगरानी करेगा तथा राज्य सरकार और एनडीएमए को लाभान्वित जनसंख्या/कम किए गए जोखिम की प्रकृति/प्रभाव विश्लेषण आदि सहित इससे प्राप्त वास्तविक लाभ के साथ पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

**संवितरण**

31. परियोजना के स्वीकृत होने के बाद, प्रस्ताव में निर्दिष्ट किश्तों में निधि वितरण किया जाएगा। निधियों का संवितरण परिणामों और उपयोगिता प्रमाणपत्रों के आधार पर किया जाएगा। वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में एसडीआरएफ खाते के अधीन तैयारी और क्षमता निर्माण निधियन विंडो में अव्ययित शेष, अगले वित्त वर्ष के उक्त खाते का प्रारंभिक अधिशेष होगा। केंद्र सरकार 2025-26 के अंत में राज्य के एसडीआरएफ के अधीन पी एंड सीबी फंडिंग विंडो में उपलब्ध किसी भी शेष राशि के उपयोग के तौर-तरीकों के बारे में बताएगी।

**प्रापण**

32. प्रस्ताव को लागू करने के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले सभी प्रापण सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) के अनुसार और यथा लागू जीईएम पोर्टल से किए जाएंगे। कार्यान्वयन एजेंसियां यह सुनिश्चित करेंगी कि इस परियोजना का कार्यान्वयन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो। संपूर्ण कार्यान्वयन प्रक्रिया में, डीएमए सुनिश्चित करे कि हितों का कोई टकराव नहीं हो। राज्यों और सरकार समर्थित संगठनों द्वारा उपयुक्त जीएफआर का पालन किया जाएगा।

**परियोजना डेटाबेस**

33. आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यय के प्रभाव का आकलन करने में सहायता के लिए एक आपदा डेटाबेस बनाया जाना चाहिए। परियोजना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को डिजिटल किया जाएगा। एनडीएमए, एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के माध्यम से लागू सभी तैयारी और क्षमता निर्माण परियोजनाओं का एक राष्ट्रीय पोर्टल का रखरखाव करेगा। इस पोर्टल में क्षमता निर्माण योजनाओं के लिए एक विशिष्ट घटक होगा। एनडीएमए समय-समय पर समीक्षा करके डेटाबेस की निगरानी भी करेगा।

**जारी करना, लेखांकन और अन्य प्रक्रियाएं**

34. पी एंड सीबी फंडिंग विंडो के तहत शुरू की गई परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत फंडिंग पैटर्न, निधि जारी करना, निधि का निवेश, लेखांकन और लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं, प्रगति की निगरानी, बचत और रखरखाव/कार्यान्वयन की लागत आदि गृह मंत्रालय द्वारा इस प्रयोजन के लिए एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के संबंध में जारी प्राथमिक दिशानिर्देशों में की गयी परिकल्पना के समान होंगी। एचएलसी और एससी-एनईसी की संरचना भी वही होगी जो गृह मंत्रालय द्वारा एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के संबंध में जारी प्राथमिक दिशानिर्देशों में परिकल्पित है।

## व्याख्या और संशोधन

35. इनमें से किसी भी दिशा-निर्देश की व्याख्या में किसी भी कठिनाई के मामले में, मामला आपदा प्रबंधन प्रभाग, गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसका व्यय विभाग के परामर्श से किया गया निर्णय अंतिम होगा। इस दिशानिर्देश में कोई संशोधन गृह मंत्रालय द्वारा व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के परामर्श से जारी किया जाएगा।

**********